**भारत सरकार**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या. *5**

**(जिसका उत्तर सोमवार, 25 नवंबर, 2024/4 अग्रहायण (शक) को दिया गया)**

## दिवालिया कंपनियां

***5. श्री राजीव प्रताप रूडी**

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2018 से 2024 के दौरान आज तक राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के समक्ष दिवालियापन के लिए दायर हुई कंपनियों की सेक्टर-वार सूची क्या है तथा उनसे संबंधित वित्तीय विवक्षा का ब्यौरा क्या है;

(ख) इन कंपनियों के दिवालियापन के क्या कारण हैं; और

(ग) एनसीएलटी द्वारा ऐसे कितने मामलों का समाधान किया गया है और तत्संबंधी कुल परिणाम क्या है?

**उत्तर**

**वित्त और कारपोरेट कार्य मंत्री** **(श्रीमती निर्मला सीतारमण)**

**(क) से (ग)**: विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*******

**'दिवालिया कंपनियां' के संबंध में 25 नवंबर, 2024 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *5 (5वां स्थान) के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(**क**): दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (आईबीसी) के अंतर्गत 30 सितंबर, 2024 तक राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण में कुल 40,943 मामले दर्ज किए गए हैं।

| **क्र.सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **फाइलिंग** |
|---|---|---|
| 1. | अप्रैल, 2018 से मार्च, 2019 | 9,243 |
| 2. | अप्रैल, 2019 से मार्च, 2020 | 12,373 |
| 3. | अप्रैल, 2020 से मार्च, 2021 | 3,392 |
| 4. | अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 | 4,855 |
| 5. | अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 | 4,730 |
| 6. | अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 | 4,014 |
| 7. | अप्रैल, 2024- सितम्बर, 2024 | 2,336 |
| कुल | | 40,943 |

व्यापक क्षेत्रीय विवरण भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (www.ibbi.gov.in) की वेबसाइट पर प्रकाशित तिमाही समाचार पत्र में उपलब्ध हैं, जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है।

**(ख):** सरकार द्वारा ऐसे कोई आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

(**ग**): सितंबर 2024 तक समाधान किए गए मामलों का विवरण इस प्रकार है:

| **प्रक्रिया** | **मामलों की संख्या** | **वसूल की गई राशि (रु. करोड़ में)** |
|---|---|---|
| कारपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया | 1068 | 355374.74 |
| परिसमापन प्रक्रिया | 769 | 7608.82 |
| स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया | 1533 | 11106.00 |
| व्यक्तिगत गारंटरों की दिवाला समाधान प्रक्रिया | 26 | 102.78 |

*******